प्रादेशिक समाचार
21.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का विवाद गहराता जा रहा है। राजद और भाकपा माले ने सीट आवंटन पर असंतोष व्यक्त करते हुए झामुमो को अल्टीमेटम दिया है। राजद के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार झा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी अपने जनाधार को देखते हुए 20 से 22 सीटों पर दावेदारी मानती है।

इस बीच राजद को सम्मानजनक सीटे नहीं मिलने के बाद पार्टी की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी ने रांची सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बता दें कि पिछले चुनाव में गठबंधन की ओर से झामुमो ने इस सीट पर चुनाव लड़ा था।

*****************

इंडी गठबंधन में सीट को लेकर जारी खींचतान के बीच सीपीआई –एम की पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली ने कहा कि कांग्रेस हमेशा ज्यादा सीटें मांगती है जिससे विवाद होता है। अब वो जमाना गया जब कांग्रेस के नाम पर वोट मिलता था, अब गठबंधन के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ना चाहिये।

*****************

इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के विवाद पर झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि अभी घटक दलों के बीच मनमुटाव दिख रहा है लेकिन आज शाम तक इसे सुलझा लिया जायेगा।

*****************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा है कि बिना किसी नीति या सिद्धांत के गठबंधन में ऐसा ही होता है। श्री शाहदेव ने कहा कि एनडीए ने ज्यादातर सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि एनडीए और इंडी गठबंधन में यही फर्क है ।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 43 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। वहीं दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इसी के साथ इन सीटों पर भी नामांकन शुरू हो जाएगा।

*****************

बोकारो जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग की गतिविधियां तेज हो गयी हैं।

*****************

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में मेक्सिको में भारत की ओर से झारखंड की दीपिका कुमारी ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग में रजत पदक जीता है। उन्हें फाइनल में चीन की ली जियामन से हार का सामना करना पड़ा। दीपिका ने सेमीफाइनल में मेजबान मेक्सिको की अलहन्द्रा वेलेंसिया को 6–4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दीपिका कुमारी पांचवीं बार तीरंदाजी विश्व कप में उपविजेता रहीं।

*******समाप्त*******